# PRESS RELEASE

## महिलाओं के सम्मान पर आपत्तिजनक कंटेंट मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग के समक्ष प्रस्तुत हुए समय रैना; दी लिखित माफ़ी, महिला सम्मान संबंधी कंटेंट बनाने का दिया आश्वासन

**नई दिल्ली, 15 जुलाई, 2025:** राष्ट्रीय महिला आयोग ने हाल ही में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रसारित कार्यक्रम *"India's Got Latent"* में महिलाओं के प्रति असम्मानजनक और आपत्तिजनक टिप्पणी के संदर्भ में कॉमेडियन श्री समय रैना को आयोग के समक्ष तलब किया था।

आज दिनांक 15 जुलाई 2025 को श्री समय रैना राष्ट्रीय महिला आयोग की माननीय अध्यक्षा श्रीमती विजया रहाटकर के सामने प्रस्तुत हुए। उन्होंने आयोग को एक लिखित माफ़ीनामा सौंपा जिसमें उन्होंने अपने वक्तव्य के लिए खेद प्रकट किया।

माननीय अध्यक्षा ने श्री रैना से स्पष्ट शब्दों में कहा कि सार्वजनिक मंचों पर महिलाओं के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने श्री रैना से कहा कि वे भविष्य में ऐसे किसी भी कथन से परहेज करें और साथ ही महिलाओं के सम्मान और उनके अधिकारों पर जागरूकता बढ़ाने हेतु रचनात्मक सामग्री तैयार करें।

श्री समय रैना ने आयोग के निर्देशों का सम्मान करते हुए इस दिशा में कार्य करने की सहमति दी और यह आश्वासन दिया कि वे आगे से महिलाओं की गरिमा और सम्मान का पूर्ण ध्यान रखेंगे तथा महिला सम्मान से संबंधी कंटेंट बनाएँगे।

राष्ट्रीय महिला आयोग का मानना है कि सार्वजनिक व्यक्तित्वों की जिम्मेदारी होती है कि वे समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता को प्रोत्साहित करें। यह प्रकरण आयोग के उस निरंतर प्रयास का हिस्सा है, जिसके तहत मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को महिलाओं की गरिमा के प्रति उत्तरदायी बनाने की दिशा में कार्रवाई की जाती है।

---

**प्रेस विज्ञप्ति जारीकर्ता:**
श्री शिवम गर्ग
मीडिया सलाहकार
राष्ट्रीय महिला आयोग
011-2694 4805